मध्य एशिया में चीन की कूटनीति और भारत की स्थिति

इंडियन एक्सप्रेस

पेपर-II
(अंतर्राष्ट्रीय संबंध)

इस सप्ताह की शुरुआत में, चीन ने C+C5 नामक समूह के व्यापार मंत्रियों की एक ऑनलाइन बैठक बुलाई- चीन और पांच मध्य एशियाई गणराज्यों, अर्थात् उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से इस क्षेत्र के साथ बीजिंग द्वारा राजनयिक संबंधों की श्रृंखला में यह नवीनतम प्रयास है।

पिछले महीने, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से नौरोज के बधाई संदेश प्राप्त हुए, जिसके साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें 18 अप्रैल को बैठक में आमंत्रित किया। ऑनलाइन सम्मेलन के बाद एक व्यक्तिगत सी+सी5 शिखर सम्मेलन प्रस्तावित है- शायद शीआन में अगले महीने, जहाँ बेल्ट एंड रोड फोरम की बैठक होने वाली है।बेल्ट एंड रोड फोरम में पहले से ही मध्य एशियाई देशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व है। विदेश मंत्री किन गैंग ने घोषणा की है कि उनका मंत्रालय इन दो प्रमुख राजनयिक सम्मेलनों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है। ये चीन की कूटनीति के विशिष्ट चरित्र को दिखाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

चीन और मध्य एशिया

राजनयिक संबंधों की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए पिछले साल 25 जनवरी को वर्चुअल प्रारूप में पहला सी+सी5 शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। दो दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने C5 के एक आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी की,जो कि उच्चतम स्तर पर सामूहिक रूप से मध्य एशियाई देशों के साथ भारत का पहला जुड़ाव हेतु प्रयास था।

चीन प्राचीन रेशम मार्ग पर स्थित मध्य एशियाई क्षेत्र के साथ व्यापार, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास साझा करता है। इस क्षेत्र के साथ आधुनिक चीन की भागीदारी 1991 में सोवियत संघ के टूटने के साथ शुरू हुई, जब यह किर्गिस्तान, कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान के साथ-साथ रूस के साथ अपनी सीमाओं को औपचारिक रूप देने के लिए चतुराई से आगे बढ़ा।

राजनयिक संबंध जनवरी 1992 में स्थापित किए गए थे, और इस क्षेत्र के साथ चीन के संबंधों को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अग्रदूत शंघाई फाइव के रूप में संस्थागत किया गया था।

अगले दो दशकों में, इस क्षेत्र में चीन की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी। मध्य एशिया सस्ते निर्यात के लिए एक रेडीमेड बाजार था, और इसने चीन को यूरोप और पश्चिम एशिया के बाजारों तक थलचर पहुँच प्रदान की। यह क्षेत्र संसाधनों से भरपूर है, जिसमें बड़े पैमाने पर गैस और तेल के भंडार हैं, और यूरेनियम, तांबा और सोना जैसे रणनीतिक खनिज हैं। यह खाद्यान्न और कपास उगाता है। इन देशों के साथ अपने संबंधों में चीन की एक और प्राथमिकता भी थी- झिंजियांग स्वायत्त क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करना, जो मध्य एशिया के साथ इसकी सीमा बनाता है।

सोवियत संघ के पतन के आर्थिक परिणाम से जूझ रहे रूस के साथ, मध्य एशियाई गणराज्यों ने चीन के इस गर्मजोशी भरी भागीदारी का स्वागत किया। इसके परिणामस्वरूप मास्को पर क्षेत्र की राजनीतिक और आर्थिक निर्भरता अचानक समाप्त हो गई थी। एक खुली अर्थव्यवस्था के लिए परिवर्तन कठिन था, और पूरे क्षेत्र में बेरोजगारी और गरीबी थी। 2000 के दशक में, चीनी निवेश ने सोवियत युग के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और इन देशों में विकास कार्यों को पूरा करने में मदद की।

शी की बेल्ट एंड रोड

लैंडलॉक क्षेत्र में, चीन ने प्रशांत महासागर और पूर्वी एशिया तक पहुंच की पेशकश की। राष्ट्रपति शी ने अपनी 2013 की कजाख राजधानी अल्माटी की यात्रा के दौरान सिल्क रोड के एक आधुनिक संस्करण के रूप में अपनी महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल की शुरुआत की। कहा जाता है कि देश में कम से कम 51 बेल्ट एंड रोड परियोजनाएं स्थित हैं, जो यूरोप के साथ चीन के व्यापार के लिए ट्रांजिट हब के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

बीजिंग ने उज्बेकिस्तान और क्षेत्र के अन्य तीन छोटे देशों में भी अरबों डॉलर का निवेश किया है। ये निवेश तेल और गैस की खोज, प्रसंस्करण और विनिर्माण, और रेल, सड़क और बंदरगाह कनेक्टिविटी से लेकर डिजिटल प्रौद्योगिकियों और सौर ऊर्जा सहित हरित ऊर्जा तक की परियोजनाओं को कवर करते हैं। और इन देशों में अधिनायकवादी शासन इस बात से सहज थे कि पश्चिम के विपरीत चीन ने उनके शासन या मानवाधिकारों के रिकॉर्ड के बारे में कोई सवाल नहीं पूछा।

मध्य एशिया में चीन का विस्तार बिना संघर्ष के नहीं रहा है। शिनजियांग की मुस्लिम आबादी को बीजिंग द्वारा निशाना बनाए जाने से इन देशों में आक्रोश पैदा हो गया है, जहाँ इस्लाम प्रमुख धर्म है। उइघुर मध्य एशिया में रहते हैं, और झिंजियांग में महत्वपूर्ण कजाख और उज्बेक आबादी है जो चीनी नीति से प्रभावित हुई है।

मध्य एशियाई देशों के बारे में

1991 में सोवियत संघ के पतन के उपरान्त विश्व मानचित्र पर मध्य एशियाई राष्ट्रों का उदय हुआ। सोवियत से अलग होने वाले कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान तथा तजिकिस्तान देशो को संयुक्त रूप से मध्य एशियाई देशो के नाम से जाना जाता है।

कजाकिस्तान : कजाकिस्तान उत्तर में रूस और पूर्व में चीन के साथ सीमा साझा करता है। यह पश्चिमी यूरोप के आकार का एक विशाल देश है।इसकी राजधानी अस्ताना है।

किर्गिस्तान: किर्गिस्तान की सीमा उत्तर में कजाखस्तान, पश्चिम में उज्बेकिस्तान, दक्षिण पश्चिम में ताजिकिस्तान और पूर्व में चीन से मिलती है।इसकी राजधानी बिस्केक है।

उज़्बेकिस्तान: उज्बेकिस्तान के उत्तर में कजाखस्तान, पूरब में ताजिकिस्तान दक्षिण में तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान स्थित है।इसकी राजधानी ताशकंद है।

तुर्कमेनिस्तान : तुर्कमेनिस्तान की सीमा दक्षिण पूर्व में अफगानिस्तान, दक्षिण पश्चिम में ईरान, उत्तर पूर्व में उज्बेकिस्तान, उत्तर पश्चिम में कजाखस्तान और पश्चिम में कैस्पियन सागर से मिलती है। इसकी राजधानी अश्गाबात है।

तज़िकिस्तान : तजिकिस्तान उज़्बेकिस्तान, अफ़गानिस्तान, किर्गिजस्तान तथा चीन के मध्य स्थित है। इसके अलावा पाकिस्तान के उत्तरी इलाके से इसे केवल अफगानिस्तान के बदख्शान प्रान्त का पतला-सा वाखान गलियारा ही अलग करता है। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशानबे शहर है।

इन देशों में चीनी श्रमिकों की बढ़ती उपस्थिति और चीन द्वारा तेजी से भूमि अधिग्रहण सहित असंतोष, सार्वजनिक विरोधों में समय-समय पर दिखाई पड़ता रहा है। लेकिन बीजिंग का दबदबा यह सुनिश्चित करता है कि ये सरकारें इस तरह के विरोधों को कड़ी कार्यवाही से दबा देते हैं, और यूएनएचआरसी और अन्य जगहों पर चीन में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर की जा रही ज्यादतियों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय अभियानों में शामिल न हों।

सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (CSTO) के बारे में

सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) एक ऐसा संगठन है जो यूरोपीय और मध्य एशियाई सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह एक सैन्य गठबंधन है, जिसमें रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान शामिल हैं।

चीन अब इस क्षेत्र के प्रमुख व्यापारिक साझेदार के रूप में रूस के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। इस हफ्ते के ऑनलाइन व्यापार मंत्रियों की बैठक में, चीनी व्यापार मंत्री वांग वेंताओ ने कहा कि चीन और पांच देशों के बीच व्यापार पिछले साल 70.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, जो अभी तक का ऐतिहासिक उच्च स्तर था और पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। शिन्हुआ ने बताया कि पांच देशों में चीन का प्रत्यक्ष निवेश अब लगभग 15 अरब डॉलर है।

रिपोर्टों के अनुसार, मध्य एशियाई क्षेत्र के सभी देशों को चीन के जिआंगसु प्रांत में पीले सागर पर लियानयुंगंग बंदरगाह से जोड़ने वाली परिवहन परियोजनाओं और रसद के लिए बातचीत चल रही है। चीन शिनजियांग में हॉरगोस भूमि बंदरगाह के विस्तार में निवेश कर रहा है, जिससे मध्य एशिया और यूरोप में संपर्क बढ़ रहा है। राष्ट्रपति शी उज्बेकिस्तान पर चीन-उज़्बेकिस्तान-किर्गिस्तान रेलवे के निर्माण को पूरा करने और उज़्बेकिस्तान-कजाकिस्तान-चीन-लाओस-थाईलैंड-मलेशिया परिवहन गलियारे के कार्यान्वयन को शुरू करने के लिए भी दबाव डाल रहे हैं।

संबंधों के लिए 'ग्रैंड प्लान'

शी ने कथित तौर पर मध्य एशियाई नेताओं से कहा है कि वह उनके साथ "संबंधों को विकसित करने के लिए एक भव्य योजना पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं"। पिछले साल के दौरान इस क्षेत्र के साथ चीन की बढ़ती हुई व्यस्तता ने अटकलों को जन्म दिया है कि बीजिंग मास्को को अपने सामरिक बैकयार्ड से बाहर धकेलने के लिए यूक्रेन में रूस की व्यस्तता का उपयोग कर रहा है।

तीन दशकों से, "स्टैन", जैसा कि उन्हें कभी-कभी बोलचाल की भाषा में कहा जाता है, ने रूस के साथ पुराने संबंधों और चीन के साथ नए संबंधों और पश्चिम के साथ भी संतुलन बनाने की मांग की है। यह क्षेत्र अभी भी आर्थिक रूप से रूस पर निर्भर है, जो मध्य एशिया का शुद्ध सुरक्षा प्रदाता भी है, भले ही सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), जिसमें छह देश शामिल हैं, उनमें से तीन मध्य एशिया में हैं, कुछ हद तक लड़खड़ा रहा है- और यूक्रेनी आक्रमण के बाद मध्य एशियाई देशों की आशंका बढ़ गई है कि मॉस्को के साथ सुरक्षा संबंध दोधारी हथियार साबित हो सकते हैं।

पिछले साल, किर्गिस्तान ने सीएसटीओ सैन्य अभ्यास रद्द कर दिया था जो उसके क्षेत्र में होना था। पाँच मध्य एशियाई देशों में से किसी ने भी स्पष्ट रूप से युद्ध में रूस का पक्ष नहीं लिया, इसके बजाय तटस्थ रहना पसंद किया। लेकिन इन देशों के साथ रूस का व्यापार पिछले साल की तुलना में बढ़ा है, क्योंकि यह यूरोप से आयात के विकल्प खोजने का प्रयास करता है। रूस में मध्य एशियाइयों की एक विशाल प्रवासी आबादी भी है जो इस क्षेत्र को आर्थिक निर्भरता में बांधती है।

लेकिन अगर रूस चीनी विस्तार के बारे में असुरक्षित है- जिसमें ताजिक-अफगान सीमा पर एक कथित चीनी सैन्य चौकी भी शामिल है- पिछले महीने शी की मास्को यात्रा के अंत में जारी संयुक्त बयान में इसका कोई संकेत नहीं था। इसके बजाय, दोनों पक्षों ने कहा कि वे ष्सहयोग को मजबूत करने, अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा में मध्य एशियाई देशों का समर्थन करने, राष्ट्रीय विकास की गारंटी देने और बाहरी ताकतों द्वारा" रंग क्रांतियों ष्को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय मामलों में हस्तक्षेप का विरोध करने के लिए तैयार थे।"

इस स्थिति में भारत कहाँ खड़ा है?

नई दिल्ली ने पिछले साल के शिखर सम्मेलन के साथ मध्य एशिया में अपनी सबसे बड़ी पहुंच बनाई, लेकिन एससीओ सहित क्षेत्र में इसके संबंध सुरक्षा-संचालित बने हुए हैं।

जबकि भारत के इन देशों के साथ व्यापारिक संबंध हैं, यह मध्य एशिया के लिए एक भूमि मार्ग की अनुपस्थिति से परेशान है, क्योंकि पाकिस्तान इसे पारित करने से इनकार कर रहा है और तालिबान के आने के बाद अफगानिस्तान अनिश्चित क्षेत्र हो गया है। ईरान में चाबहार बंदरगाह एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है, लेकिन यह अभी पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है।

संभावित प्रश्न (Expected Question)

प्रश्न : निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?

1. तुर्कमेनिस्तान की सीमा कैस्पियन सागर से मिलती है।
2. कजाकिस्तान की सीमा अफगानिस्तान से नही मिलती है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनें-

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1और 2 दोनों

(d) न तो 1 न तो 2

Que. Which of the following statement (s) is/ are incorrect?

1. The border of Turkmenistan shares boundary with the Caspian Sea.
2. The border of Kazakhstan does not shares boundary with the Afghanistan.

Select the correct answer using the code given below-

(a) 1 Only

(b) 2 Only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

उत्तर : D

संभावित प्रश्न व प्रारूप (Expected Question & Format)

प्रश्न : चीन के मध्य एशियाई देशों के साथ प्रगाढ़ होते संबंधों ने भारत के लिए एक चिंता पैदा की है। आपके अनुसार भारत के पास इस परिस्थिति से निपटने हेतु क्या विकल्प मौजूद हैं? चर्चा करें। (250 शब्द)

उत्तर का दृष्टिकोण :-

- ❖ प्रश्न की शुरुआत में मध्य एशियाई देशों का संक्षिप्त परिचय दें तथा एक रफ मैप भी बना दें।
- ❖ चीन के इन देशों से बढ़ते संबंधों का वर्णन करें।
- ❖ भारत को किन विकल्पों का उपयोग करना चाहिए, उनकी भी चर्चा करें।

नोट : अभ्यास के लिए दिया गया मुख्य परीक्षा का प्रश्न आगामी UPSC मुख्य परीक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अत: इस प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आप इस आलेख के साथ-साथ इस टॉपिक से संबंधित अन्य स्त्रोतों का भी सहयोग ले सकते हैं।